# कदमा : बंगाल के महुल बैंड ने गीतों से लोगों को झुमाया





**जमशेदपुर.** झारखंड बंगभाषी युवा मोर्चा व कदमा न्यू फार्म एरिया दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा न्यू फॉर्म एरिया मैदान में आयोजित कार्यक्रम में बंगाल के प्रख्यात बैंड महुल ने प्रस्तुति दी. कलाकारों ने पियारे पलासेर बोन..., सोहाग चांद बदनी..., बंधु बिना प्राण वाचेना..., लाल गडेर लाल माटी... सहित अन्य गीत गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. कार्यक्रम के आरंभ में प्रत्युषा बनर्जी व सुदीप्तो राय को श्रद्धांजलि दी गयी. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री सरयू राय उपस्थित थे. इन्होंने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. वहीं नन्हे बच्चों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किये जाने के साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तपन कर्मकार, उपल्लव दलाल, टीटु दास, चित्रदीप भट्टाचार्य, राजेन नायक, वादी मंडल, सपन कर, सोमेन सरकार, निसितगीरी, एस पांजा, संजय दास, जमजीत मल्लिक सहित अन्य उपस्थित थे.

प्रभात खबर
Fri, 15 April 2016
epaper.prabhatkhabar.com/c/9694852